https://hindi.news18.com/news/uttar-pradesh/greater-noida-semiconductor-park-to-be-built-near-noida-international-airport-investment-of-so-many-crores-will-be-made-work-will-be-done-through-joint-venture-know-what-is-the-special-plan-local18-9086012.html

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास बनेगा सेमीकंडक्टर पार्क: इतने करोड़ का होगा निवेश, ज्वाइंट वेंचर से होगा काम, जानिए क्या है खास प्लान

Reported by: Dheerendra Kumar Shukla
Agency: Local18
Last Updated: March 09, 2025, 18:50 IST

सेमीकंडक्टर पार्क की यह परियोजना उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगी. इससे प्रदेश में न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि सेमीकंडक्टर उत्पादन में आत्मनिर्भरता की दिशा में भी एक महत्वपूर्... **और पढ़ें**

**धीरेंद्र कुमार शुक्ला/ ग्रेटर नोएडा-** उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, यमुना

‹

इंटीग्रेटेड सर्किट और अन्य अत्याधुनिक तकनीकें विकसित की जाएंगी. इसे वामा सुंदरी इन्वेस्टमेंट और ताइवान की फॉक्सकॉन के संयुक्त उपक्रम में तैयार किया जाएगा.

### मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने दी जानकारी

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (CEO) अरुणवीर सिंह ने लोकल 18 से विशेष बातचीत में बताया कि सुंदरी इन्वेस्टमेंट के CFO और कंपनी सचिव पवन कुमार दनवार को सेक्टर 28 में 48 एकड़ भूमि आवंटित करने की स्वीकृति दी गई है. साथ ही, परियोजना के लिए लेआउट प्लान भी तैयार हो चुका है.

### 3000 करोड़ रुपये का होगा निवेश

इस सेमीकंडक्टर पार्क में लगभग 3000 करोड़ रुपये के निवेश की संभावना जताई जा रही है. इस परियोजना के जरिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से करीब 15,000 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है. वामा सुंदरी इन्वेस्टमेंट ने वर्ष 2024 में सेक्टर 10 में 50 एकड़ भूमि पर सेमीकंडक्टर यूनिट स्थापित करने का प्रस्ताव उत्तर प्रदेश सरकार को भेजा था, जिसके बाद YEIDA ने इस परियोजना के लिए एचसीएल को भूमि आवंटन पत्र जारी किया था.

### जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी

सेक्टर 10 में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया फिलहाल जारी है, और इसी कारण कंपनी की ओर से जल्द से जल्द भूमि आवंटन की मांग की गई थी. एचसीएल ताइवान की फॉक्सकॉन कंपनी के साथ मिलकर इस सेमीकंडक्टर पार्क का विकास करना चाहती है. इस प्रस्ताव के तहत, YEIDA ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के समीप सेक्टर 28 में 48 एकड़ भूमि आवंटित करने का निर्णय लिया है. साथ ही, प्राधिकरण ने किसानों को मुआवजा वितरित करने और औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटित करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है.

### सरकार ने किया 85 करोड़ रुपये के पैकेज का ऐलान

उत्तर प्रदेश सरकार ने सेमीकंडक्टर उद्योग को बढ़ावा देने के लिए 85 करोड़ रुपये के प्रस्तावित पैकेज की घोषणा की है. इस योजना के तहत-

- भूमि पर 75% तक की सब्सिडी दी जाएगी.
- पूंजीगत और ब्याज अनुदान की सुविधा प्रदान की जाएगी.
- बिजली शुल्क में रियायत दी जाएगी.
- पानी की आपूर्ति समेत अन्य बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित किया जाएगा.